# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

**1.** **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Ambala **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0015 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 04/04/2025 18:07 hrs

**2.**

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

**3.** (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 04/04/2025 **Time (समय):** 18:07 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 018 **Date and Time (दिनांक और समय):** 04/04/2025 18:07 hrs

**4.** **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

**5.** **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 80 Km **Beat No. (बीट सं.):** (s)

**(b) Address (पता):** थाना गुहला,कैथल

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

**6.** **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** ओम प्रकाश

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** ज्ञानी राम

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1975 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g)

**ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **165, वार्ड न 7, चीका, कैथलKAITHAL, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **165, वार्ड न 7, चीका, कैथलKAITHAL, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-8683993000

**7.** **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामपाल उप निरीक्षक | | | 1. एस एच ओ थाना गुहला,कैथल, GUHLA,KAITHAL,HARYANA,INDIA |

**8.** **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9.** **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10.** **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11.** **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्रीमान जी, नकल लेख निम्न प्रकार से है:-

सेवा में,

इन्सपैक्टर साहब,

विजिलेंस विभाग ।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि मैं ओम प्रकाश S/O श्री ज्ञानी राम वासी मकान न. 165, Ward No. 7, चीका जिला कैथल का रहनें वाला हूं व खेतीबाड़ी व ठेकेदारी का काम करता हूं। मेरे विरूध मुकदमा न. 258 दिनांक 27.09.2023 धाराधीन 323, 324, 506

IPC थाना चीका में झूठा दर्ज हुआ था। मेरे विरूध दर्ज इस मुकदमा को कैंसल करवाने के सम्बंध में लगभग 5 महीनें मे थाना चीका में जाकर सब इन्सपैक्टर रामपाल SHO को मिला था जिसने मुझे कहा कि मैं D.S.P साहब गुहला से बात करूंगा जिसके लिये 50 हजार रूपए लगेंगे। इसके बाद मुझे पता चला कि सब इन्सपैक्टर राम पाल का तबादला थाना चीका से थाना गुहला में बतौर S.H.O हो गया है वह मेरे विरूध दर्ज मुकदमें की फाईल भी अपनें साथ ले गया है। जिस पर मैं मेरे विरूध दर्ज उपरोक्त मुकदमा के सम्बंध में दिनांक 2-4-2025 को सब इन्सपैक्टर राम पाल S.H.O. थाना गुहला को मिला जिसनें मुझे कहा कि मैनें D.S.P साहब से बात की थी और D.S.P गुहला 50 हजार से कम में नही मान रहा है। आप मुझे 50 हजार रूपये दे दो मैं आपकी F.I.R खत्म करवा दूंगा। जिस पर सब-इन्सपैक्टर रामपाल नें उसी समय मुझसे 20,000/- रूपए नकद ले लिये थे मैनें केस को निपटानें बारे प्रार्थना की व सब इन्सपैक्टर रामपाल नें मुकदमा को खत्म करवानें बारे हां भर ली थी। मुझे पता है कि यदि मैं राम पाल SHO गुहला को यह रिश्वत की राशि नही दुंगा तो वह मेरे विरूध दर्ज झूठा मुकदमा को खत्म नही करेगा। मैं सब इन्सपैक्टर रामपाल को रिश्वत राशी 50,000/- रूपए में से बाकी बचे 30,000/- रूपए नहीं देना चाहता और उसे रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूं। मैने मेरी व सब-इन्सपैक्टर रामपाल की रिश्वत राशि की मांग संबधी बातचीत की रिकार्डिग कर ली थी जिसको मैं अपको बाद मे पेश कर दुंगा । मेरी आपसे प्रार्थना है कि सब इन्सपैक्टर रामपाल जांच अधिकारी व एस.एच.ओ. गुहला के विरूद्ध कानूनी कारवाई की जावे । मैने अपनी शिकायत के साथ रिश्वत राशि के 500/500 रुपये के कुल 60 नोट आपको पेश कर दिए है।

-sd- Om Parkash
ओम प्रकाश S/O श्री ज्ञानी राम
R/o HNo. 165 Ward No. 7
चीका जिला कैथल
M. 8683993000
दिनांक – 04.04.2025

कार्यवाही पुलिस- आज दिनांक 04.04.2025 को मन निरीक्षक बराये कार-सरकार कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला में हाजिर था कि पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बजरिया फोन आदेश दिये गये कि शिकायतकर्ता ओम प्रकाश उपरोक्त के मोबाईल नम्बर 8683993000 पर सम्पर्क करो कि ओम प्रकाश रेड कार्यवाही करवाना चाहता है । जिस पर मन निरीक्षक द्वारा शिकायतकर्ता उपरोक्त से उसके मोबाईल फोन पर सम्पर्क किया गया। जिसनें मन निरीक्षक को कहा कि मैं आपको मिलकर अपनी शिकायत बारे बताना चाहता हूं व ग्रीन वैली फार्म हाऊस, निजद गांव कम्हेड़ी, चीका पहुचनें बारे कहा। जिस पर मन निरीक्षक मय स्टाफ शिकायतकर्ता के बताये अनुसार ग्रीन वैली फार्म हाऊस, निजद गांव कम्हेड़ी पहुंचा हूं कि श्री ओम प्रकाश उपरोक्त नें मुलाकी होकर एक स्वंय हस्त लिखित दरखास्त के साथ 500/500 रूपए के 60 अदद करन्सी नोट कुल 30,000/- रूपए मेरे को पेश किए । मन निरीक्षक ने शिकायतकर्ता से रेड करवाने बारे पूछताछ की और सन्तुष्ट होने पर शिकायतकर्ता द्वारा पेश किये गये करंसी नोटों को फर्द द्वारा कब्जा पुलिस में लेकर अलग से फर्द सूचि करन्सी नोट व फर्द इन्वेंटरी तैयार की गई। फर्द सूचि करन्सी नोट पर शिकायतकर्ता ओम प्रकाश नें अपनें हस्ताक्षर किए। दरखास्त के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला के संज्ञान में लाया गया और राजपत्रित अधिकारी नियुक्त करनें बारे कहा गया। राजपत्रित अधिकारी नियुक्ति आदेश व्हटसअप के माध्यम से प्राप्त होने उपरांत मेरे द्वारा श्री वरूण कंसल, कार्यकारी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग (भवन एंव सड़कें) कैथल-।।, राजपत्रित अधिकारी से सम्पर्क किया गया और हालात बारे अवगत करवा कर अपनें साथ एक कर्मचारी को अपने साथ लेकर हाजिर ग्रीन वैली फार्म हाऊस, नजदीक गांव कम्हेड़ी आने बारे सूचित किया गया। दरखास्त के मजबून से उप निरीक्षक राम पाल, थाना प्रबधक, गुहला के विरूध सूरत जुर्म जेर धारा 7 PC Act 1988 का सरजद होना पाया गया है। मन निरीक्षक मय उ.नि. निर्भय सिंह नं0 21/अम्बाला, स.उ.नि. विशाल नं0 366 /गुरुग्राम, स.उ.नि. सतबीर सिहं न. 796/यमुनानगर, मु.सि. जसपाल सिहं न. 432/अम्बाला बा सवारी गाडी सरकारी न. HR03 GV 7947 जिसका चालक ई.स.उ.नि. बीरबल नं0 1368/करनाल व अन्य प्राईवेट गाड़ी का इन्तजाम करके रेडिंग पार्टी तैयार की गई । तहरीर बराये कायमी अभियोग बदस्त मु.सि. जसपाल सिहं न. 432/अम्बाला के थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल अम्बाला भेजी जा रही है। बाद कायमी अभियोग नम्बर अभियोग से सूचित किया जावे व अभियोग की स्पैशल रिपोर्ट बजरिया ई-मेल ईलाका मैजिस्ट्रेट कैथल व अफसरान बाला की सेवा में भिजवाई जाए व असल लेख मय पुलिस फाईल मौका पर भिजवाई

जाए। तपतीशी बैग, लैपटाप व प्रिन्टर सरकारी गाड़ी में पहले से ही मौजूद है।
स्थान- ग्रीन वैली फार्म हाऊस, नजदीक गांव कम्हेड़ी (चीका) ।
-sd- Sube Singh
निरीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,कैथल।
दिनांक 04.04.2025
समय 3.30 pm

अज थाना- टाईप शुदा लेख उपरोक्त बाजूर्म उपरोक्त बादस्त मु.सि. जसपाल सिंह न. 432/अम्बाला के थाना मे प्राप्त होने पर मुकदमा न. 15 दिनांक 04.04.2025 धारा 7 PC Act 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो अम्बाला दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट की स्पैशल रिपोर्ट सेवा मे ईलाका मैजिस्ट्रैट साहब कैथल बजरिया ई-मेल व नकल मिसल पुलिस मय असल लेख आने वाले मु.सि. जसपाल सिंह न. 432/अम्बाला के अनुसंधानकर्ता के पास मौका पर भेजा जा रहा है। प्रथम सूचना रिपोर्ट की अन्य प्रतियां सम्बन्धित उच्चाधिकारीगण की सेवा मे बजरिया डाक भिजवाई जाएंगी। यह अभियोग निरीक्षक महिला निरीक्षक बिमला देवी 1272/अम्बाला भ्र0नि0ब्यूरो अम्बाला की हाजिरी मे दर्ज किया जा रहा है। ईन्द्राज रिकार्ड थाना विधिनुसार किया जा रहा है।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** SUBE SINGH **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 517KTL **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Om Prakash

**14.**

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**No. (सं.):** HPS

**15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**